विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर
श्वानों में निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपर में विश्व पशु चिकित्सा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार दिनाँकः 30 अप्रैल 2022 को प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक श्वानों में निःशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय के पशु चिकित्सा परिसर में आयोजित है।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी व अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आर.के. शर्मा ने सभी श्वान पालकों से अनुरोध किया है कि इस निःशुल्क रेबीज टीकाकरण का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

पशु चिकित्सा परिसर में स्थापित पेट ग्रूमिंग पार्लर ईकाई में श्वानों के लिये कई तरह की निःशुल्क सुविधायें भी उपलब्ध रहेगी, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व पशचिकित्सा दिवस के अवसर पर निःशुल्क टीकाकरण न केवल पशुकल्याण अपितु जनकल्याण हेतु भी निदित है। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के मध्य स्वास्थ्य प्रतियोगिता की भावना को विकसित करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं प्रायोजित हैं। प्रतियोगियों का सम्मान हेतु पुस्तिका/गणवेश वितरण और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएंगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी

ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर